

इस सीजन शानदार रही कप्तानी

पिछले दो सीजन से राहुल पंजाब किंग्स के कप्तान थे, लेकिन टीम एक बार भी प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई। उनकी कप्तानी पर भी लगातार सवाल उठ रहे थे। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर वह वनडे में भारतीय टीम के कप्तान थे और टीम 3–0 से सीरीज हार गई। इन सब के बीच आईपीएल में उनकी कप्तानी पर सभी की नजरें थीं। यहां उनकी टीम प्लेऑफ में पहुंच गई है। कई मौकों पर केएल राहुल ने टीम के लिए मैच बदलने वाले फैसले लिए हैं। जिसकी वजह से उनकी काफी तारीफ हो रही।

## केएल राहुल ने बीच आईपीएल कर दी सैलरी बढ़ाने की मांग!

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल आईपीएल 2022 में सबसे ज्यादा सैलरी पाने वाले खिलाड़ी हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स ने राहुल को 17 करोड़ रुपये में ड्राफ्ट किया था। पिछले सीजन तक राहुल पंजाब किंग्स का हिस्सा था। वहां उन्हें खेलने के लिए 11 करोड़ रुपये मिलते थे। सबसे ज्यादा सैलरी मिलने वाला खिलाड़ी होने के बाद भी राहुल ने कोलकाता के खिलाफ मैच के बाद सैलरी बढ़ाने की मांग रख दी। कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला काफी रोमांचक हुआ था। मैच की अंतिम गेंद पर इसका नतीजा निकला। मैच के बाद राहुल ने इंटरव्यू में हंसते हुए कहा कि इस तरह के मैच के लिए उन्हें ज्यादा पैसे मिलने चाहिए। राहुल ने कहा, श्मुझे शायद इस तरह के मैच के लिए और अधिक भुगतान किया जाना चाहिए। हम इस सीजन में इस तरह के मैच से चूक गए थे। बहुत से ऐसे मैच नहीं हैं जो आखिरी गेंद तक गए हों, शायद कुछ ऐसे भी जो आखिरी ओवर तक गए हों।

# चोट से परेशान कई भारतीय खिलाड़ी हुए आइपीएल से बाहर

क्रिकेट

## आईपीएल का 15वां सीजन कई खिलाड़ियों के लिए रहा बेहद निराशाजनक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग को वर्ल्ड में क्रिकेट की सबसे बड़ी लीग मानी जाती है। इस लीग में खेलने के लिए खिलाड़ी सालों तक तैयारियां करते हैं और कोशिश करते हैं कि किसी तरह उन्हें इस लीग में खेलने का मौका मिल जाए। लेकिन कई खिलाड़ी ऐसे भी हैं जिन्हें मौका तो मिलता है लेकिन चोट के कारण वो बीच आइपीएल में ही बाहर हो जाते हैं और आइपीएल में अच्छा करने का उनका सपना अधूरा रह जाता है। आइपीएल के 15वें सीजन में भी ऐसा ही कुछ हुआ जहां रवींद्र जडेजा, सूर्यकुमार यादव, अजिंक्य रहाणे और दीपक चाहर जैसे खिलाड़ी बाहर हो गए।



**रवींद्र जडेजाः** जडेजा के लिए आइपीए का यह सीजन नाटकीय भरा रहा है। आइपीएल शुरू होने से कुछ दिन पहले उन्हें पहले टीम की कमान सौंपी गई फिर उन्होंने बीच में कप्तानी दोबारा धौनी को सौंप दी। उन्होंने कप्तान के तौर पर 10 इनिंग्स में 116 रन और 5 विकेट हासिल किए। इसके बाद खबर आई कि वो चोट के कारण आइपीएल के बाकी बचे मैचों से बाहर हो गए हैं जिसको लेकर ये भी कहा गया कि चेन्नई टीम मैनेजमेंट और जडेजा के बीच सबकुछ ठीक नहीं है। आइपीएल के बाद भारत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टी20 सीरीज के अलावा इंग्लैंड भी जाना है। ऐसे में उम्मीद है कि जडेजा फिट होंगे।

**सूर्यकुमार यादवः** आइपीएल से पहले चोट से जूझ रहे सूर्यकुमार यादव ने तीसरे मैच में मुंबई के लिए वापसी की। उन्होंने टीम के लिए लगातार रन बनाए। मुंबई के लिए 8 मैचों में उन्होंने 43.29 की औसत और 145.67 की औसत से 303 रन बनाए। 6 मई को गुजरात के खिलाफ मैच में सूर्या को चोट लगी और वो टूर्नामेंट से बाहर हो गए। इतना ही नहीं दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के शुरुआती कुछ मैच भी वो नहीं खेल पाएंगे।

**दीपक चाहरः** वेस्टइंडीज सीरीज के खिलाफ दीपक चाहर को चोट लगी थी। शुरुआत में चेन्नई के लिए खबर थी कि वो शुरुआती कुछ मैचों के बाद उपलब्ध होंगे लेकिन पीठ की चोट के कारण वो पहले पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उनकी अनुपस्थिति में चेन्नई सुपर किंग्स की गेंदबाजी कमजोर नजर आई और यही कारण है कि वो आइपीएल से बाहर हो चुकी है। फिलहाल 13 मैचों में 4 जीत के साथ 9वें नंबर पर है।


**अजिंक्य रहाणेः** हैमस्ट्रिंग के कारण कोलकाता के ओपनिंग बल्लेबाज और भारतीय टीम में वापसी के लिए फार्म तलाश रहे अजिंक्य रहाणे भी आइपीएल से बाहर हो गए। हालांकि आइपीएल का यह सीजन उनके लिए खास नहीं रहा। 7 मैचों में रहाणे ने 19 की औसत से 133 रन बनाए।

# जब दिनेश कार्तिक को होना पड़ा सौरव गांगुली के गुस्से का शिकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने एक बार फिर भारतीय टीम के लिए अपना दावा पेश कर दिया है। 2004 में भारत के लिए पहला मैच खेलने वाले कार्तिक की जगह कभी टीम में पक्की नहीं हुए। महेंद्र सिंह धोनी के रूप में टीम में एक विकेटकीपर था। कार्तिक को कभी किसी खिलाड़ी के चोटिल होने पर मौका मिलता था तो कभी धोनी के आराम लेने पर। धोनी की तरह कार्तिक ने 2019 वर्ल्ड कप में भारत के लिए आखिरी मैच खेला था। धोनी ने दो साल पहले संन्यास ले लिया, लेकिन कार्तिक टीम में जगह बनाने के प्रबल दावेदार बन चुके हैं।

**आईपीएल में निभा रहे फिनिशर**



**की भूमिकाः** आईपीएल 2022 में दिनेश कार्तिक रॉयल चौलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा हैं। अभी तक खेले गए 13 मैच में कार्तिक के बल्ले से 57 की औसत और 193 की स्ट्राइक रेट से 285 रन निकले हैं। सीजन में 100 से ज्यादा गेंद खेलने वाले बल्लेबाजों में कार्तिक का स्ट्राइक रेट सबसे बेहतर है। इसी वजह से उन्हें भारतीय टीम में शामिल करने की मांग हो रही है। इस साल अक्टूबर–नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में टी20 वर्ल्ड कप भी खेला जाना है और कार्तिक वहां फिनिशर की भूमिका में दिख सकते हैं।

**गांगुली ने कह दिया था पागल**

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने एक बार दिनेश कार्तिक को नाराज होकर पागल कह दिया था। यह घटना 2004 चौंपियंस ट्रॉफी में भारत–पाकिस्तान मैच की है। कार्तिक ने उसे कुछ समय पहले घटना का खुलासा करते हुए कहा था, श्वह मेरे डेब्यू टूर था लेकिन मैं प्लेइंग इलेवन का हिस्सा नहीं था। इसके बाद भी मैंने गांगुली को गुस्सा दिला दिया। जब भी उस मुकाबले में विकेट गिरती थी तो मैं पानी लेकर मैदान में जाता था। इसी दौरान एक बार संतुलन खोने की वजह से मैं सौरव गांगुली पर जाकर गिरा। वह इस धक्के से 3–4 कदम पीछे चले गए थे।

## आईपीएल 2022 के फाइनल के समय में हुआ बदलाव

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग 2022 का फाइनल मुकाबला 29 मई को खेला जाएगा। इस मैच के समय में बदलाव किया गया है और अब इसे 7:30 बजे की जगह रात 8 बजे से खेला जाएगा। क्रिकबज के मुताबिक आइपीएल क्लोजिंग सेरेमनी की वजह से फाइनल मैच के समय में बदलाव किया गया है। आइपीएल के 15वें सीजन का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। क्रिकबज को बीसीसीआइ और आइपीएल अधिकारियों से पता चला है कि इस बार क्लोजिंग सेरेमनी का आयोजन शाम 6:30 बजे से शुरू किया जाएगा। इस समारोह के लगभग 50 मिनट तक चलने की उम्मीद है जिसकी वजह से टास शाम 7:30 बजे किया जाएगा और मैच की शुरुआत 8 बजे से होगी। आइपीएल समापन समारोह में बालीवुड के कई दिग्गज शामिल होंगे। आपको बता दें कि बीसीसीआई कई वर्षों तक आइपीएल के मैचों का आयोजन रात 8 बजे से ही किया करती थी, लेकिन बीच में कोविड संकट और दूसरे देश में इस लीग के आयोजन की वजह से इसके समय में बदलाव किया गया था।

## न्यूज डायरी :



### चोट के कराण पूरे सीजन से बाहर हुए इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली।। इंग्लैंड और ससेक्स के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर पूरे सीजन ने बाहर हो गए हैं। वो पीठ के निचले हिस्से में स्ट्रेस फ्रेक्चर होने के कारण आगामी सीजन से बाहर हो गए हैं। पिछले 14 महीनों में उनकी तीन सर्जरी हो चुकी है। उन्होंने इंग्लैंड के लिए आखिरी टी20 तब खेला था जब इंग्लैंड की टीम भारत के दौरे पर थी। 27 वर्षीय आर्चर फिलहाल इंग्लैंड के बारबडोस में रिहैबिलिटेशन सेंटर में वापसी की तैयारी कर रहे थे। सबको उम्मीद थी कि वो 26 मई से शुरू हो रहे ग्लेमार्गन के खिलाफ मैच में ससेक्स के लिए उपलब्ध होंगे। फिलहाल उनकी वापसी को लेकर कोई अपडेट नहीं दी गई है। मैनेजमेंट आने वाले दिनों में विशेषज्ञों की राय के बाद इसको लेकर निर्णय देगी। आर्चर ने इंग्लैंड के लिए पचास से भी कम अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं लेकिन उन्होंने अपने प्रदर्शन से इंग्लैंड क्रिकेट पर गहरा प्रभाव डाला है।

### बीसीसीआई ने स्टेडियमों में बैठने की पूरी क्षमता को दी अनुमति

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। दरअसल अब वो पूरी क्षमता के साथ मैदान में जाकर क्रिकेट का आनंद ले सकेंगे। आइपीएल के बाद भी टी20 का ये रोमांच जारी रहेगा क्योंकि दक्षिण अफ्रीका की टीम भारत दौरे पर आ रही है जहां वो 5 टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज में दर्शकों को आने की अनुमति होगी वो भी पूरी क्षमता के साथ। इसका मतलब है कि अब आप स्टेडियम में बैठकर अपने फेवरेट क्रिकेटरों को खेलता हुआ देख सकेंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसकी जानकारी दी। इस सीरीज की शुरुआत 9 जून से हो रही है जो 19 जून तक चलेगी। इससे पहले बीसीसीआई ने मार्च के महीने में इंडियन प्रीमियर लीग 2022 के सत्र को ध्यान में रखते हुए स्टेडियमों में 25 फीसदी से अधिक सिटिंग को अनुमति दी थी। हालांकि बाद में इसे बढ़ा दिया गया था। इंडियन प्रीमियर लीग सीजन 15 का लीग स्टेज मैच आखिरी पड़ाव में है। 24 मई से प्लेआफ के मुकाबले शुरू हो रहे हैं।

### रोहित शर्मा पर टिकी विराट कोहली की किस्मत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। इंडियंस प्रीमियर लगी यानीआईपीएल 2022 में अभी तक दो टीम गुजरात टाइटंस और लखनऊ सुपर जायंट्स ने प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। दोनों टीमें इस सीजन पहली बार हिस्सा ले रही हैं। गुजरात की टीम के 20 पॉइंट हैं और उनका पहले नंबर पर रहना तय है। हालांकि लखनऊ दूसरे नंबर पर रहेगी या नहीं इसपर अभी फैसला होना बाकी है। मुंबई इंडियंस, चेन्नई सुपर किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स प्लेऑफ की रेस से पूरी तरह बाहर है। राजस्थान रॉयल्स की टीम ने अभी तक प्लेऑफ के लिए आधिकारिक रूप से क्वालीफाई नहीं किया है, लेकिन टीम का अंतिम चार में पहुंचना तय दिख रहा है। उसके 13 मैच में 16 पॉइंट हैं। बैंगलोर को अपना आखिरी मैच आज ही टेबल टॉपर गुजरात टाइटंस से खेलना है। टीम को प्लेऑफ की रेस में बने रहने के लिए इस मैच में जीत हासिल करनी ही होगी।

### बीसीसीआई का बैन झेल चुके, पिता से भी खाई मार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रिंकू सिंह रातोंरात चर्चा में आ गए हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ मुकाबले में एक समय केकेआर की हार पक्की दिख रही थी। फिर मैदान पर रिंकू का तूफान देखने को मिला। उन्होंने 15 गेंदों पर 40 रनों की पारी खेली। अंतिम ओवर में टीम को 21 रन चाहिए थे। उन्होंने पहली चार गेंदों पर 18 रन बनाए दिए, लेकिन 5वीं गेंद पर वह आउट हुए और कोलकाता को हार झेलनी पड़ी। रिंकू भले ही आईपीएल में पहली बार कमाल कर रहे हैं, लेकिन घरेलू क्रिकेट में वह काफी समय से धमाल मचा रहे हैं।